दैनिक भास्कर 16/09/2024

प्रो. अनीश हिंदी काव्य रत्न उपाधि से सम्मानित

अम्बाला | नेपाल के लुंबिनि में हिंदी दिवस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में जीएमएन कॉलेज के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनीश कुमार को हिंदी काव्य रत्न उपाधि से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहु क्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन ने भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को सम्मानित करने के उद्देश्य से कराया था। इसमें नेपाल, भारत, अमेरिका, कनाडा व तंजानिया से 6,742 पुरुष व महिला रचनाकारों की सहभागिता थी। इसमें 675 प्रतिभाओं का उत्कृष्ट कविता के आधार पर चयन कर सम्मानित किया गया।